an>

Title: Need to accord permission for Hydro-electric project at Konar Dam in Bokaro, Jharkhand-laid.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** बोकारो, झारखण्ड में कोनार बांध पर एक जल विद्युत परियोजना की स्थापना के संबंध में एन एच पी सी द्वारा वर्ष 2003-04 में एक रिपोर्ट दामोदर घाटी निगम को प्राप्त हुई और इससे एन एच पी सी द्वारा उक्त स्थल पर 3 मेगावाट की यूनिट स्थापित की जा सकती है । सी डब्ल्यू सी के विशेषज्ञों को जाँच में लगाने का कार्य 2 वर्षों के बाद किया गया । कोनार बांध में दरारों की मॉनिटरिंग का समय 4-5 वर्षों तक किया जाना अपेक्षित बताया गया है । प्रश्न हे कि बांध में दरारों के बाद भी एन एच पी सी और दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) द्वारा 3 मेगावाट की यूनिट की स्थापना की सहमति कैसे बनी और इस कार्य के लिए संबंधित विभागों द्वारा निरीक्षण कार्य के लिए समय और राशि का अपव्यय क्यों किया गया ।

अतः सरकार से आग्रह है कि सी डब्लयू सी के द्वारा इस कार्य के लिए शीघ्र अनुमति प्रदान कराने की व्यवस्था की जाये ।